बारिश का इंतजार खेतों में सड़ रहे बीज, दोबारा बुवाई की नौबत, किसानों की बढ़ी चिंता

प्रशांत सिरसाठ इन्दौर समाचार खेतिया।

क्षेत्र में मानसून की लंबी खेंच के चलते किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार समय पर सोयाबीन, मक्का, कपास सहित विभिन्न खरीफफसलों की बुवाई कर दी थी, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेतों में डाले गए बीज अंकुरित होने के बजाय अब नष्ट होने लगे हैं।

लगातार पड़ रही तेज गर्मी और नमी की कमी के कारण बीजों का अंकुरण प्रभावित हो रहा है। कई खेतों में बीजों पर फफूंद लगने लगी है, जिससे वे खेत में ही सड़ रहे हैं। किसान आनंद हरसोला का कहना है कि हमने फसलचक्र अनुसार बुआई की, अपर्याप्त वर्षा से बीज अंकुरण के साथ नष्ट हो गए, पुनरू बुआई कर रहे, ऐसा कुछ वर्षों पूर्व भी हुआ था, तब सरकार ने किसानों को राहत दी थी।

किसान प्रकाश सोनिस, लाला सोनिस का कहना है अपर्याप्त वर्षा से चिंता बढ़ी है, फसल की दोबारा बुआई से अधिक खर्च के साथ फसल देरी से आने की संभावना है। वहीं हमारे प्रयास ट्यूब वेल आदि के बाद भी वर्षा की आवश्यकता तो होगी है, खर्च अधिक हो रहा, सरकार को किसानों को राहत देना ही चाहिये। किसानों का कहना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो दोबारा बुवाई की नौबत आ सकती है, जिससे खेती की लागत कई गुना बढ़ जाएगी।

मानसून की लंबी खेंच के कारण खेतों में नमी समाप्त होती जा रही है। इसका सीधा असर फसलों की शुरुआती बढ़त पर पड़ रहा है। किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि आगामी कुछ दिनों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई, तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। पहले से बढ़ी खेती की लागत के बीच दोबारा बीज और मजदूरी का खर्च उठाना अधिकांश किसानों के लिए मुश्किल होगा। किसानों ने शासन से स्थिति पर नजर रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। कुछ किसानों ने दोबारा बुआई शुरू कर दी, वहीं कहने को सरकार का कृषि विभाग का कार्यालय पानसेमल में है, किंतु क्षेत्र के कृषकों को कोई मार्गदर्शन नही मिल रहा।

दैनिक पंचांग

15 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह	स्थिति	लग्नारंभ समय	
सूर्य	मिथुन में	कर्क	05.35 बजे से
चंद्र	कर्क में	सिंह	07.51 बजे से
मंगल	वृष में	कन्या	10.03 बजे से
बुध	मिथुन में	तुला	12.13 बजे से
गुरु	कर्क में	वृश्चिक	14.28 बजे से
शुक्र	सिंह में	धनु	16.44 बजे से
शनि	मीन में	मकर	18.49 बजे से
राहु	कुंभ में	कुंभ	20.36 बजे से
केतु	सिंह में	मीन	22.09 बजे से
राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक		मेष	23.39 बजे से
		वृष	01.19 बजे से
		मिथुन	03.17 बजे से

बुधवार 2026 वर्ष का 196 वा दिन दिशाशूल उत्तर ऋतु वर्षा। विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948 मास आषाढ़ पक्ष शुक्ल तिथि प्रतिपदा 11.52 बजे को समाप्त। नक्षत्र पुष्य 21.47 बजे को समाप्त। योग हर्षण 08.05 बजे तदनन्तर वज्र 04.31 बजे प्रातः को समाप्त। करण बव 11.52 बजे तदनन्तर बालव 22.19 बजे को समाप्त।

चन्द्रायु 0.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21° 33'
सूर्य उत्तरायण
कलि अहर्गण 1872771
जूलियन दिन 2461236.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1448
महीना मोहर्रम तारीख 29
विशेष चन्द्रदर्शन, गुप्त नवरात्रारम्भ।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

नील ग्रगन के नक्षत्र

3	4	5	6
229	158	140	358
337	338	159	448
346	455	258	600

दिन-677-678

मधुर डे-490-589 मधुर नाइट-

मिलन डे-590-277 मिलन नाइट-

हमारा साप्ताहिक न्यूज पेपर
आपका सपना
मूल्य मात्र 25/- रुपये
जिसमें आपको मिलेगा :
कल्याण मेनबाजार-
कल्याण नाईट-
मिलन डे-मिलन नाईट
साथ मे श्रीदेवी व श्रीदेवी नाईट बाजार के सुपर चांस
सप्ताह की डेली लाईन जोडी पेनल के बेजोड चांस जो किसी पेपर मे नही मिलेगे
आपका सपना साप्ताहिक न्यूज पेपर पूर्व मे उजाले का चक्र नाम से प्रकाशित होता था जिसके संपादक योगेश कुमार है अब हमारे नये नाम आपका सपना के नामसे प्रकाशित हो रहा है
एजेन्ट बन्धु के लिए 30% से 40% कमीशन
आज ही अपने निकट के न्यूज पेपर एजेन्ट से खरीदे.
मोबाईल पर पेपर कॉपी का 100/- रुपये
सम्पर्क करें : सम्पर्क-9898203888-9106170742

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमी तिथि, प्रतिपदा, बुधवार, पुण्य नक्षत्रे, हल योगे, वल करणे, कर्क की चंद्रमा, चंद्रदर्शन, मु. 30 फल समता मूल प्रारंभ रात्रि 12/24 तथाचि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कम्प्यूटर इंजीनियर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैंक कर्मचारी, अकाउंटेंट, लोकपाल तथा लेखापाल, प्रबंधक, मार्केटिंग मैनेजर, उत्तम कार्यकर्ता, प्रबंधकीय कार्य में निपुर्ण लेखक-कवि, पत्रकार होगा।

मेष राशि : हर्ष, लाभ, सुख, पदोन्नति के योग हैं, वायु विकार, दाम्पत्य जीवन सरल-सुखी रहेगा।

वृष राशि : वाहन सुख, विद्या कष्ट, राजभय, आर्थिक हानि, विशेष हानि तथा विरोध होगा।

मिथुन राशि : लाभ के योग बनेंगे, सुयश, कार्य सिद्धी, शत्रुभय, राज-काज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कर्क राशि : कार्य सिद्धी, लाभ, धन व्यय, हर्ष, धार्मिक एवं शुभ कार्यों में सावधानी अवश्य रखें।

सिंह राशि : शत्रु भय, कलह, लाभ एवं सुयश की प्राप्ति, सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा मिलेगी।

कन्या राशि : थोड़ा लाभ, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, प्रबलता के योग बनेंगे, विवाद होगा।

तुला राशि : हर्ष, पदोन्नति के योग, रुके कार्य प्रयास से बनेंगे, कार्यों में सुधार होगा ध्यान दे।

वृश्चिक राशि : संतान सुख, यात्रा लाभ, शत्रु हानि, अच्छे कार्यों में सुधार होगा, समय का ध्यान रखें।

धनु राशि : व्यर्थ चिन्ता से मन परेशान रहेगा, अचानक लाभ के योग बनेंगे, उद्योग-व्यापार में लाभ।

मकर राशि : सफलता प्राप्ति के योग बनेंगे, भय से मन उद्विग्न रहेगा, मित्रों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि : सुख, यात्रा भय, यश प्राप्ति, मित्रों का सहयोग मिलेगा, लाभप्रद स्थिति से हर्ष होगा।

मीन राशि : इष्ट मित्रों सहायक रहेंगे, कार्यगति में अनुकूलता आयेगी, कार्य समय पर करें।

बुधवार के उपाय, खुल जाएगी बुद्धि

दुर्गा सप्तशती का पाठ करें पाठ- बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा करने के साथ-साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ करना भी बहुत लाभदायक माना गया है। ऐसे में अगर आप इस दिन दुर्गा सप्तशती के मध्यम चरित्र का पाठ करें, तो इसे बेहद शुभ फल की प्राप्ति हो सकती है।

मान्यताओं के अनुसार, बुधवार के दिन किन्नर को कुछ खास चीजें प्रदान करना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में बुधवार के दिन किसी किन्नर को लाल या हरी चूड़ियां अथवा कोई अन्य श्रृंगार सामग्री के साथ उन्हें कुछ पैसे भी जरूर देने चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को जीवन के दुखों से निजात मिल सकती है।

बुधवार के दिन पूरे विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करनी चाहिए। ऐसा करने से गणेशजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और व्यक्ति हर मनोकामना पूरी हो सकती है। इसके लिए ज्योतिषशास्त्र में एक विशेष उपाय भी बताया गया है। बुधवार के दिन भगवान गणेश को पूजा के दौरान सिंदूर, 21 दूर्वा और गीले चावल अर्पित करने चाहिए। इन सभी चीजों को अर्पित करने के साथ-साथ ओम गं गणपतये नमः मंत्र का जाप भी करना चाहिए।

ज्योतिषशास्त्र में बेटी और बहन को बुध ग्रह का कारक माना गया है। ऐसे में इस दिन विन्हदर्ता की पूजा करने के साथ-साथ अपनी सैलरी से कोई छोटा सा उपहार बेटी और बहन को जरूर देना चाहिए। अगर आपकी बेटी या बहन छोटी है, तो आप उन्हें पढ़ाई-लिखाई से संबंधित सामान दे सकते हैं।

मान्यता है कि बुधवार के दिन मूंग की दाल का सेवन जरूर करना चाहिए। साथ ही, इस दिन मूंग की दाल का किसी जरूरतमंद को दान भी अवश्य करनी चाहिए।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009

कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय आदर्श महाविद्यालय में प्रवेश मेले का आयोजन

बड़वानी। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत मंगलवार को प्रवेश मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोडऩा, उन्हें महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी देना तथा प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं सहज बनाना था। प्रवेश मेले में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यार्थियों को प्रवेश दी जानकारी, किया आह्वान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित ने कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, रोजगार, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उपलब्ध नवीन अवसरों का लाभ उठाते हुए नियमित अध्ययन एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने भविष्य को संवारने के लिए समय पर महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहिए।

कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ अनिल पाटीदार ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने ग्राम, मोहल्ले, रिश्तेदारों एवं परिचितों के ऐसे छात्र-छात्राओं को भी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करें, जिन्होंने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है। प्रवेश प्रभारी डॉ दिनेश पाटीदार ने विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी दी। वहीं ऑनलाईन प्रवेश प्रभारी डॉ मानक सोलंकी ने ऑनलाईन पोर्टल से आवेदन भरने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं शैक्षणिक वातावरण से भी परिचित कराया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समय-सीमा में प्रवेश लेने तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोडऩे के लिए कॉलेज चलो अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

नर्मदा कान्वेंट स्कूल में चला जागरूकता अभियान

नपा की स्वच्छता आईईसी टीम ने किया जागरूक

बड़वानी। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मंगलवार को शहर की नर्मदा कॉन्वेंट स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका की स्वच्छता आईईसी टीम द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय संचालक एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर की उपस्थिति में लगभग 500 छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। आईईसी टीम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 की जानकारी देते हुए गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में भी विस्तार से बताया। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं रोगमुक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

प्राध्यापक पद पर पदोन्नति, प्राचार्य डॉ पंडित एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मुझाल्दा का स्वागत-अभिनंदन

बड़वानी। शासकीय आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बीएस मुझाल्दा के प्राध्यापक पद पर पदोन्नत होने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापकों ने दोनों वरिष्ठ शिक्षाविदों का पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल शैक्षणिक जीवन और उपलब्धियों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। समारोह का वातावरण आत्मीयताए सम्मान और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। प्राध्यापकों ने कहा कि यह पदोन्नति केवल दो शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा, शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पण का यह सम्मान है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनिल पाटीदार ने किया। डॉ दिनेश पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लांच किया दृष्टि ऑनलाईन प्लेटफॉर्म

पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी, पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे का भी हुआ शुभारंभ

बड़वानी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विकसित दृष्टि ऑनलाईन प्लेटफॉर्म लान्च किया। साथ ही पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक के दौरान हुई इस लॉन्चिंग से पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी। यह व्यवस्था देश में पंचायतों के पूर्णतरूडिजिटल रिमोट वित्तीय ऑडिट की दिशा में अपनी तरह की अभिनव पहल है।

प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों में ऑडिट प्रक्रिया होगी तेज- केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त होने वाले अनुदान की राशि के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों के समयबद्ध ऑडिट की अनिवार्यता है। भारत के महालेखाकार के निर्देशन में पंचायती राज संचालनालय द्वारा एनआईसी के तकनीकी सहयोग से ऑनलाईन ऑडिट के लिए दृष्टि नामक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर जाकर ऑडिटर अपने घर या ऑफिस से किसी भी पंचायत के सभी प्रकार के आय व्यय सम्बंधी अभिलेख देख सकते हैं तथा उनकी जांच कर सकते हैं। यह ऑडिट प्रक्रिया प्रदेश की 23011 ग्राम पंचायतों के वित्तीय ऑडिट को तेज, सरल एवं पारदर्शी बनाएगी। इसके उपयोग से सीमित कर्मचारियों द्वारा भी समस्त पंचायतों का ऑडिट समय पर किया जा सकेगा। इस प्रणाली के क्रियान्वयन से समय और संसाधनों की बचत के साथ वित्तीय जवाबदेही और सुशासन को मजबूती मिलेगी।

विभागीय प्रक्रियाओं में जवाबदेही के साथ सुशासन को मिलेगा बढ़ावा- मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा पंचायत दर्पण पोर्टल पर आरंभ पेमेंट गेटवे पंचायत राज संचालनालय द्वारा एनआईसी, जल निगम एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से विकसित किया गया है। इसके माध्यम से पंचायतें नागरिकों के बिल जेनरेट कर सकेगी। गेटवे पर कोई भी नागरिक बिल का पेमेंट घर बेठे कर सकता है और ऑनलाईन ही रसीद भी प्राप्त कर सकता है। इससे लोगों के श्रम और समय दोनों की बचत होगी तथा पंचायत का अभिलेख भी स्वतरू ही निर्मित होता चला जाएगा। सेवाओं में पारदर्शिता और कार्यों का समयबद्ध निस्तारण होगा। इन नवाचारों से विभागीय प्रक्रियाओं में जवाबदेही अधिक होने के साथ ही सुशासन को बढ़ावा भी मिलेगा।

बड़वानी के गौसेवकों की तत्परता से मंडलेश्वर में मृत गौवंश का हुआ सम्मानपूर्वक दाह संस्कार

बड़वानी। सुदर्शन वाहिनी के प्रदेश संयोजक एवं बड़वानी निवासी नवनीत सिंह और उनकी टीम की तत्परता से मंडलेश्वर-बड़वाह मार्ग पर मिले एक मृत गौवंश का प्रशासन के सहयोग से सम्मानपूर्वक दाह संस्कार कराया गया। जानकारी के अनुसार नवनीत सिंह अपनी टीम के कार्यकर्ताओं के साथ निजी कार्य से देर रात करीब 12 बजे मंडलेश्वर से बड़वाह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मंडलेश्वर शहर के बाहर बड़वाह रोड़ पर सड़क किनारे एक मृत गौ माता दिखाई दी। स्थिति को देखते हुए उन्होंने तत्काल वाहन रोककर संबंधित प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रशासन ने डायल-112 की टीम को मौके पर भेजा।

प्रशासन, स्थानीय लोगों एवं गौसेवकों के सहयोग से मृत गौवंश का विधि-विधान से सम्मानपूर्वक दाह संस्कार कराया गया। सुदर्शन वाहिनी के प्रदेश संयोजक नवनीत सिंह ने बताया कि गौसेवा केवल संगठन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं घायल या मृत गौवंश दिखाई दे तो इसकी जानकारी तुरंत प्रशासन या गौसेवा से जुड़े संगठनों को दें, ताकि समय पर उचित कार्रवाई कर गौवंश का सम्मान सुरक्षित रखा जा सके।

जल अर्पण दिवस एवं नलजल योजना हस्तांतरण कार्यक्रम

बड़वानी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड बड़वानी द्वारा नलजल योजना हस्तांतरण कार्यक्रम एवं ग्राम पंचायत के साथ स्व-सहायता समूह के मध्य जलकर संग्रहण के लिए एमओयू का समारोहपूर्वक जल अर्पण दिवस कार्यक्रम, कार्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड बड़वानी में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव एवं ग्राम संगठन से स्व-सहायता समूह की दीदियां आदि उपस्थित हुए। जिसमें जनपद पंचायत ठीकरी की ग्राम पंचायत सुगना, जनपद पंचायत राजपुर की ग्राम पंचायत दानोद, जनपद पंचायत पानसेमल की ग्राम पंचायत आमझिरी के ग्राम टेमली, ग्राम पंचायत दोंदवाड़ा के ग्राम हरन्या की नलजल योजना की हस्तांतरण प्रक्रिया संपन्न हुई एवं ग्राम टेमली, अमल्यापानी एवं हरन्या ग्राम के स्व सहायता समूह तथा पंचायत के मध्य समन्वय कर सरपंच-सचिव की उपस्थिति में जलकर वसूली के लिए अनुबंध किया गया।

एसपी के निर्देशन में एएसपी ने की जनसुनवाई, फरियादियों को मिला त्वरित समाधान का भरोसा

बड़वानी। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित हुई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर ने फरियादियों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनकर उनके त्वरित एवं विधिसम्मत निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान भूमि विवाद, आपसी लेन-देन एवं महिला संबंधी अपराधों से संबंधित 3 आवेदन प्राप्त हुए। एएसपी धीरज बब्बर ने आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित थाना प्रभारियों को दूरभाष से त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व कमी जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश भी दिए। एएसपी धीरज बब्बर ने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निष्पक्ष एवं पारदर्शी निराकरण किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका शीघ्र निराकरण किया जाए तथा गंभीर प्रकृति के प्रकरणों में बिना विलंब वैधानिक कार्रवाई की जाए। लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही न बरती जाए। जनसुनवाई में डीएसपी महेश सुनैया, डीएसपी श्रीमती निलेश्वरी डावर, निरीक्षक विनोद बघेल, निरीक्षक श्रीमती सुनीता मंडलोई सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर परिषद खेतिया द्वारा नमस्ते दिवस सेलिब्रेशन का आयोजन

प्रशांत सिरसाठ इन्दौर समाचार खेतिया। खेतिया। शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद खेतिया द्वारा 14 जुलाई 2026 को नमस्ते दिवस (नमस्ते डे) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष दशरथ आनंदा जी निकुम, पार्षद सूर्यकान्त यसीकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ईश्वर महाले, अशोक शर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के सभी सफाई मित्रों को उनके कार्य के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पीपीई किट, मास्क, ग्लव्स, सेफ्टी कैप एवं गमबूट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए। साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत पात्र सफाई कर्मचारियों का पंजीयन कर आयुष्मान भारत कार्ड एवं ई-श्रम कार्ड भी वितरित किए गए।